दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 30.07.2025

बैठक • स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# सीआरएसयू में मनेगा स्वतंत्रता दिवस समारोह, 13 को होगी फुल ड्रेस रिहर्सल

## समारोह को लेकर एडीसी विवेक आर्य को किया नोडल अधिकारी नियुक्त

भास्कर न्यूज | जींद

स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर जिला स्तरीय समारोह का आयोजन सीआरएस यूनिवर्सिटी में किया जाएगा। इसके लिए 13 अगस्त को फुल ड्रेस रिहर्सल कराई जाएगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर एडीसी विवेक आर्य को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। समारोह की तैयारियों को लेकर मंगलवार को डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने लघु सचिवालय सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारी आजादी का उत्सव है। यह राष्ट्रीय पर्व पूरे सम्मान और गरिमा के साथ मनाया जाए। सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों की जिम्मेदारी समय पर पूरी करें।

डीसी ने कहा कि समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसके बाद परेड निरीक्षण, मुख्य अतिथि का संबोधन, मार्च पास्ट और पीटी शो होगा। देशभक्ति से भरे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। ये कार्यक्रम थीम आधारित होंगे ताकि जनता को संदेश मिल सके। बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से होगा। समारोह से पहले मुख्य अतिथि गोहाना रोड स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देंगे।

डीसी ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि निरीक्षण जीप, राष्ट्रीय ध्वज और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें। मार्च पास्ट की तैयारी शुरू की जाए। पुलिस और शिक्षा विभाग आपसी तालमेल से कार्य करें। समारोह स्थल पर पानी, बिजली, स्टेज, सफाई, शौचालय और अन्य व्यवस्थाएं समय पर पूरी हों। अग्निशमन केंद्र, एंबुलेंस और फर्स्ट एड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बिजली विभाग निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करे। जनस्वास्थ्य विभाग स्वच्छ पेयजल और शौचालयों की व्यवस्था करे।

शहर के चौकों पर गेट लगाए जाएंगे। नगर परिषद झंडे और शहीद स्मारकों की सफाई सुनिश्चित करें। पुलिस विभाग सुरक्षा व्यवस्था संभाले। लोक निर्माण विभाग की इलेक्ट्रिक विंग लाइटिंग की जिम्मेदारी निभाए। कार्यक्रम स्थल की लेवलिंग और सफाई की जिम्मेदारी कार्यकारी अभियंता की होगी। रंगोली की जिम्मेदारी महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी की रहेगी। बच्चों के लाने-ले जाने के लिए रोडवेज विभाग बसों की व्यवस्था करेगा। बैठक में एसपी कुलदीप सिंह, एसडीएम सत्यवान सिंह मान, नगर परिषद सीईओ अनिल दून, नगराधीश मोनिका रानी, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, डीईओ सुभाष वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



जींद. स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की मीटिंग लेते डीसी मोहम्मद इमरान रजा।

## देश की सम्प्रभुता, अखंडता व सुरक्षा ही उद्देश्य : एसपी

जींद| स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को पूरे देश में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस मौके पर सुरक्षा को लेकर पुलिस सतर्क हो गई है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि इस दिन विदेशी ताकतें और संदिग्ध लोग देश की अखंडता और संप्रभुता को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में बड़ा आतंकी हमला हुआ था। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। कई लोग घायल हुए थे। इस घटना को देखते हुए स्वतंत्रता दिवस पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को अपने आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति या अवैध रूप से रह रहा विदेशी नागरिक जैसे बांग्लादेशी, पाकिस्तानी या रोहिंग्या दिखाई दें, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। सूचना देने के लिए 8814011509, 8814011525, 112 और 01681-246809 नंबर जारी किए गए हैं।

अमर उजाला

Date: 30.07.2025

# सीआरएसयू में रैपिड एक्शन कमेटी गठित

संवाद न्यूज एजेंसी

**जींद।** सीआरएसयू में अनुशासन बनाए रखने और संवेदनशील परिस्थितियों में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कुलपति डॉ. रामपाल ने मंगलवार को रैपिड एक्शन कमेटी का गठन किया है।

यह विशेष इकाई रजिस्ट्रार, सीआरएसयू, जींद की अध्यक्षता में कार्य करेगी और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने के लिए कार्य करेगी।

इसके गठन के बाद विश्वविद्यालय के सभी सुरक्षा गार्ड अपनी ड्यूटी के दौरान सतर्क रहेंगे। सुरक्षा कार्यालय की ओर से निर्धारित क्षेत्र में होने वाली किसी भी गतिविधि के लिए वह जिम्मेदार होंगे।

यदि किसी सुरक्षा चौकी के पास अनुशासनहीनता दिखाई दे या कोई गलत गतिविधि होने की संभावना हो, तो वहां तैनात सुरक्षा कर्मी बिना देरी के मुख्य सुरक्षा अधिकारी, सुरक्षा अधिकारी को सूचित करेगा और तुरंत अनुशासनहीनता को रोकने की कार्रवाई करेगा।

सूचना मिलने पर कमेटी के सदस्य तुरंत घटनास्थल पर पहुंचेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे। कमेटी प्रत्येक घटना का तुरंत समाधान करेगी और उसी दिन इसकी रिपोर्ट तैयार कर रजिस्ट्रार कार्यालय को सौंपेगी। रजिस्ट्रार कार्यालय घटना की रिपोर्ट पर अपनी टिप्पणियों के साथ उसे कुलपति कार्यालय को भेजेगा।

कमेटी परिसर में गश्त करेगी, निगरानी प्रणालियों की जांच करेगी, प्रवेश नियंत्रण करेगी।




रैपिड एक्शन कमेटी बनाकर कार्रवाई के बारे में जानकारी देते। स्रोत : सीआरएसयू

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 30.07.2025

# सीआरएसयू में अनुशासन और कानून व्यवस्था बनाए रखने को रैपिड एक्शन कमेटी का गठन

भास्कर न्यूज | जींद

सीआरएसयू ने कैंपस में अनुशासन बनाए रखने और कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए रैपिड एक्शन कमेटी (आरएसी) का गठन किया है। यह कमेटी रजिस्ट्रार की अध्यक्षता में काम करेगी। इसका उद्देश्य छात्रों और स्टाफ के लिए सुरक्षित शैक्षणिक माहौल तैयार करना है। कमेटी के सदस्य किसी भी घटना की सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचेंगे। अनुशासनहीनता या संदिग्ध गतिविधि दिखने पर सुरक्षा गार्ड तुरंत प्रॉक्टर, मुख्य सुरक्षा अधिकारी या सुरक्षा अधिकारी को सूचित करेंगे। इसके बाद तुरंत कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर पुलिस को भी बुलाया जा सकेगा। हर घटना की रिपोर्ट उसी दिन तैयार कर रजिस्ट्रार कार्यालय को सौंपी जाएगी। रजिस्ट्रार रिपोर्ट पर टिप्पणी कर उसे वीसी कार्यालय भेजेंगे। कमेटी को यह अधिकार होगा कि वह विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार तुरंत कार्रवाई करे। इसके लिए वीसी या रजिस्ट्रार के आदेश की प्रतीक्षा नहीं करनी होगी।

वीसी को यह अधिकार रहेगा कि वह समय-समय पर कमेटी के नियमों, कार्यों या सदस्यों में बदलाव कर सकें। कमेटी की अतिरिक्त जिम्मेदारियों में कैंपस में गश्त करना, निगरानी प्रणाली की जांच, प्रवेश नियंत्रण और आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देना शामिल है। कमेटी के गठन के मौके पर वीसी प्रो. राम पाल सैनी, कुलसचिव प्रो. लोवलीन मोहन, प्रॉक्टर प्रो. कुलदीप नारा, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. जसबीर सिंह, डॉ. अनुपम भाटिया, चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर डॉ. नरेश देशवाल, डॉ. सुनीति, कैंपस सुपरवाइजर समरजीत और सिक्योरिटी ऑफिसर सुरेंद्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



सीआरएसयू में रैपिड एक्शन कमेटी का गठन करते वीसी व अन्य।

जागरण

Date: 30.07.2025

# सीआरएसयू में होगा जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह, ली बैठक

## तैयारियों को लेकर डीसी ने विभागों की लगाई जिम्मेदारियां, बोले- समय रहते पूरे करें काम

जागरण संवाददाता • जींद : जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। डीसी ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस हमारी आजादी का उत्सव है।

जिला स्तरीय समारोह के आयोजन में अधिकारी राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुरूप तैयारी करना सुनिश्चित करें और जिस भी विभाग को जो दायित्व सौंपे गए हैं, उन्हें समय रहते पूरा करें। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के प्रांगण में किया जाएगा। 13 अगस्त को फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। कार्यक्रम के लिए एडीसी विवेक आर्य को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह पर मुख्यातिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। उसके बाद परेड निरीक्षण होगा, फिर मुख्यातिथि का संबोधन होगा।

इसके उपरांत मार्च पास्ट होगा, पीटी शो की भी प्रस्तुति होगी। देशभक्ति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम थीम आधारित हों, ताकि इनके माध्यम से आमजन को संदेश दिया जा सके। समारोह में मुख्यातिथि बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित करेंगे। डीसी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यातिथि के लिए निरीक्षण जीप, राष्ट्रीय ध्वज और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध हों। पुलिस विभाग समारोह के लिए मार्च पास्ट की तैयारियां शुरू कर दे। मार्च पास्ट को लेकर पुलिस विभाग व शिक्षा विभाग तालमेल के साथ कार्य करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह स्थल पर पानी, बिजली, स्टेज, साफ-सफाई, शौचालय व अन्य सभी इंतजाम समय रहते पूरे कर लिए जाएं।




स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते डीसी मोहम्मद इमरान रजा। • सौ. प्रशासन

### रोडवेज विभाग करेगा बसों की व्यवस्था

कार्यक्रम स्थल का लेवलिंग व साफ-सफाई की जिम्मेदारी भी लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता की रहेगी। कार्यक्रम स्थल पर रंगोली के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी की ड्यूटी रहेगी। बच्चों के लाने-ले जाने के लिए रोडवेज विभाग द्वारा बसों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, जींद एसडीएम सत्यवान सिंह मान, जिला परिषद सीईओ अनिल दून, नगराधीश मोनिका रानी, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, डीईओ सुभाष वर्मा मौजूद रहे।

### सभी विभागों की दी अलग-अलग जिम्मेदारी

बैठक में डीसी ने कहा कि समारोह स्थल पर अग्निशमन केंद्र, स्वास्थ्य विभाग की तरफ से एंबुलेंस, फर्स्ट एड इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बिजली विभाग के अधिकारी बिजली की निर्बाध सप्लाई सुनिश्चित करेंगे। जनस्वास्थ्य विभाग वीआइपी व पब्लिक शौचालयों के साथ-साथ स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करेंगे। विभिन्न चौक पर गेट लगाए जाएंगे। शहर के सभी चौक की सफाई व झंडे और शहीद स्मारकों की साफ-सफाई करने का जिम्मा नगर परिषद का रहेगा। सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के लिए पुलिस विभाग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेगा। लोक निर्माण विभाग की इलेक्ट्रिक विंग कार्यक्रम में लाइट व्यवस्था सुनिश्चित करेगी।

जागरण

Date: 30.07.2025

सम्मानित कर दे। मार्च पास्ट को लेकर पुलिस

# सीआरएसयू में अनुशासन और कानून व्यवस्था के लिए रैपिड एक्शन कमेटी का किया गठन

जागरण संवाददाता • जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने परिसर में अनुशासन बनाए रखने और संवेदनशील परिस्थितियों में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए रैपिड एक्शन कमेटी का गठन किया है। यह विशेष इकाई रजिस्ट्रार प्रोफेसर लवलीन मोहन की अध्यक्षता में कार्य करेगी। वीसी प्रोफेसर रामपाल सैनी ने कहा कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय अनुशासित और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। रैपिड एक्शन कमेटी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो परिसर में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अनुशासनहीन गतिविधियों को रोकने में प्रभावी भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर वीसी प्रोफेसर रामपाल सैनी, रजिस्ट्रार प्रोफेसर लवलीन मोहन, कुलदीप नारा, डा. जसबीर सिंह, डा. अनुपम भाटिया, डा. नरेश देशवाल, डा. सुनीति, कैंपस सुपरवाइजर समरजीत, सिक्योरिटी आफिसर सुरेंद्र उपस्थित रहे।



कमेटी के कार्यों को लेकर चर्चा करते वीसी प्रोफेसर रामपाल सैनी। • सौ. विवि

## रैपिड एक्शन कमेटी के प्रमुख कार्य

**सतर्कता** : विश्वविद्यालय के सभी सुरक्षा गार्ड अपनी ड्यूटी के दौरान सतर्क रहेंगे। सुरक्षा कार्यालय द्वारा निर्धारित क्षेत्र में होने वाली किसी भी गतिविधि के लिए वे जिम्मेदार होंगे।

**तत्काल सूचना और कार्रवाई**: यदि किसी सुरक्षा चौकी के पास अनुशासनहीनता दिखाई दे या कोई गलत गतिविधि होने की संभावना हो, तो वहां तैनात सुरक्षा कर्मी बिना देरी के मुख्य सुरक्षा अधिकारी (सीएसओ), सुरक्षा अधिकारी (एसओ) को सूचित करेगा और तुरंत अनुशासनहीनता को रोकने की कार्रवाई करेगा।

**त्वरित प्रतिक्रिया**: सूचना मिलने पर कमेटी के सदस्य तुरंत घटनास्थल पर पहुंचेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे।

**आवश्यकता अनुसार पुलिस सहायता**: यदि आवश्यक हो, तो सीआरएसयू पुलिस को बुला सकता है या विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार कोई अन्य निर्णय ले सकता है।

**समीक्षा**: रजिस्ट्रार कार्यालय घटना की रिपोर्ट पर अपनी टिप्पणियों के साथ उसे वीसी कार्यालय को भेजेगा।

**स्वायत्त कार्रवाई**: कमेटी को पूर्ण अधिकार है कि वह कानून के अनुसार तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करे।